Series WX1YZ/2

SET~3

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **430/2/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# गणित (बुनियादी)
# MATHEMATICS (BASIC)

*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

**नोट / NOTE :**

*(i)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं ।*
*Please check that this question paper contains **27** printed pages.*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
*Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

*(iii)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं ।*
*Please check that this question paper contains **38** questions.*

*(iv)* ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
*15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय (MCQ) तथा प्रश्न संख्या **19** एवं **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित **एक-एक** अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **21** से **25** तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के **दो-दो** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **26** से **31** तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के **तीन-तीन** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **32** से **35** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **पाँच-पाँच** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **36** से **38** तक प्रकरण अध्ययन आधारित **चार-चार** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रकरण अध्ययन में आंतरिक विकल्प **दो-दो** अंकों के प्रश्न में दिया गया है ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड ख के 2 प्रश्नों में, खण्ड ग के 2 प्रश्नों में, खण्ड घ के 2 प्रश्नों में तथा खण्ड ङ के 3 प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है ।*

*(ix)* *जहाँ आवश्यक हो स्वच्छ आकृतियाँ बनाइए । जहाँ आवश्यक हो $\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए, यदि अन्यथा न दिया गया हो ।*

*(x)* *कैल्कुलेटर का उपयोग **वर्जित** है ।*

## खण्ड क

*इस खण्ड में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

**1.** यदि 360 और 64 का HCF 8 है, तो इन संख्याओं का LCM होगा :

(a) 2480 (b) 2780

(c) 512 (d) 2880

**2.** 7 cm त्रिज्या वाले एक शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 550 $cm^2$ है । इसकी तिर्यक ऊँचाई है :

(a) 24 cm (b) 25 cm

(c) 14 cm (d) 20 cm

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

(i) *This question paper contains* ***38*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

(ii) *This question paper is divided into* ***five*** *Sections –* ***A, B, C, D*** *and* ***E****.*

(iii) *In* ***Section A,*** *Questions no.* ***1*** *to* ***18*** *are multiple choice questions (MCQs) and questions number* ***19*** *and* ***20*** *are Assertion-Reason based questions of* ***1*** *mark each.*

(iv) *In* ***Section B,*** *Questions no.* ***21*** *to* ***25*** *are very short answer (VSA) type questions, carrying* ***2*** *marks each.*

(v) *In* ***Section C,*** *Questions no.* ***26*** *to* ***31*** *are short answer (SA) type questions, carrying* ***3*** *marks each.*

(vi) *In* ***Section D,*** *Questions no.* ***32*** *to* ***35*** *are long answer (LA) type questions carrying* ***5*** *marks each.*

(vii) *In* ***Section E,*** *Questions no.* ***36*** *to* ***38*** *are case study based questions carrying* ***4*** *marks each. Internal choice is provided in* ***2*** *marks questions in each case-study.*

(viii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in 2 questions in Section B, 2 questions in Section C, 2 questions in Section D and 3 questions in Section E.*

(ix) *Draw neat diagrams wherever required. Take* $\pi = \frac{22}{7}$ *wherever required, if not stated.*

(x) *Use of calculators is* ***not*** *allowed.*

## SECTION A

*This section comprises multiple choice questions (MCQs) of 1 mark each.*

**1.** If the HCF of 360 and 64 is 8, then their LCM is :

(a) 2480 (b) 2780

(c) 512 (d) 2880

**2.** The curved surface area of a cone of radius 7 cm is 550 $cm^2$. Its slant height is :

(a) 24 cm (b) 25 cm

(c) 14 cm (d) 20 cm

**3.** दो सिक्के एक साथ उछाले गए । अधिक-से-अधिक दो चित प्राप्त होने की प्रायिकता होगी :

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{4}$

(c) $\frac{3}{4}$ (d) 1

**4.** यदि द्विघात समीकरण $9x^2 + bx + \frac{1}{4} = 0$ के मूल बराबर हैं, तो b का मान होगा :

(a) 0 (b) केवल $-3$

(c) केवल 3 (d) $\pm 3$

**5.** यदि $\tan A = \frac{2}{5}$ है, तो $\frac{1-\cos^2 A}{1-\sin^2 A}$ का मान है :

(a) $\frac{25}{4}$ (b) $\frac{4}{25}$


(c) $\frac{4}{5}$ (d) $\frac{5}{4}$

**6.** एक बंटन के माध्यक और बहुलक क्रमश: 25 और 21 हैं । आनुभविक संबंध से इन आँकड़ों का माध्य है :

(a) 27 (b) 29

(c) 18 (d) $\frac{29}{3}$

**7.** रैखिक समीकरणों $y = x$ और $x = 4$ द्वारा निरूपित रेखाएँ P पर प्रतिच्छेदी हैं । बिंदु P के निर्देशांक हैं :




(a) (4, 0) (b) (4, 4)

(c) (0, 4) (d) (– 4, 4)

3. Two coins are tossed together. The probability of getting atmost two heads, is :

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{4}$

(c) $\frac{3}{4}$ (d) 1

4. If the quadratic equation $9x^2 + bx + \frac{1}{4} = 0$ has equal roots, then the value of b is :

(a) 0 (b) – 3 only

(c) 3 only (d) ± 3

5. If $\tan A = \frac{2}{5}$, then the value of $\frac{1-\cos^2 A}{1-\sin^2 A}$ is :

(a) $\frac{25}{4}$ (b) $\frac{4}{25}$


(c) $\frac{4}{5}$ (d) $\frac{5}{4}$

6. Median and Mode of a distribution are 25 and 21 respectively. Mean of the data using empirical relationship is :

(a) 27 (b) 29

(c) 18 (d) $\frac{29}{3}$

7. The lines represented by the linear equations $y = x$ and $x = 4$ intersect at P. The coordinates of the point P are :




(a) (4, 0) (b) (4, 4)

(c) (0, 4) (d) (– 4, 4)

**8.** $\dfrac{\sin 90^\circ + \cos 60^\circ}{\sec 45^\circ + \tan 45^\circ}$ का मान है :

(a) 1

(b) $\dfrac{3}{2}(\sqrt{2}+1)$

(c) $\dfrac{3}{2}(\sqrt{2}-1)$

(d) $\dfrac{1+\sqrt{3}}{\sqrt{2}+1}$

**9.** नीचे दी गई A.P. में कितने पद हैं ?

14, 19, 24, 29, ....., 119

(a) 18

(b) 14

(c) 22

(d) 21

**10.** बिन्दुओं (–6, 2) और (2, –6) को जोड़ने वाले रेखाखंड को y-अक्ष जिस अनुपात में विभाजित करता है, वह अनुपात है :

(a) 1 : 3

(b) 3 : 2

(c) 3 : 1

(d) 2 : 3

**11.** $9 \sec^2 A - 9 \tan^2 A$ बराबर है :

(a) 9

(b) 0

(c) 8

(d) $\dfrac{1}{9}$

**12.** वायु में उड़ती एक पतंग की डोरी 50 m लंबी है और यह क्षैतिज से 60° का कोण बनाती है । डोरी को सीधा मानकर, पतंग की जमीन से ऊँचाई है :

(a) $50\sqrt{3}$ m

(b) $\dfrac{100}{\sqrt{3}}$ m

(c) $\dfrac{50}{\sqrt{3}}$ m

(d) $25\sqrt{3}$ m

8. The value of $\dfrac{\sin 90^\circ + \cos 60^\circ}{\sec 45^\circ + \tan 45^\circ}$ is :

(a) 1

(b) $\dfrac{3}{2}(\sqrt{2}+1)$

(c) $\dfrac{3}{2}(\sqrt{2}-1)$

(d) $\dfrac{1+\sqrt{3}}{\sqrt{2}+1}$

9. How many terms are there in the A.P. given below ?

14, 19, 24, 29, ....., 119

(a) 18

(b) 14

(c) 22

(d) 21

10. y-axis divides the line segment joining the points $(-6, 2)$ and $(2, -6)$ in the ratio :

(a) 1 : 3

(b) 3 : 2

(c) 3 : 1

(d) 2 : 3

11. $9 \sec^2 A - 9 \tan^2 A$ is equal to :

(a) 9

(b) 0

(c) 8

(d) $\dfrac{1}{9}$

12. The string of a kite in air is 50 m long and it makes an angle of 60° with the horizontal. Assuming the string to be straight, the height of the kite from the ground is :

(a) $50\sqrt{3}$ m

(b ) $\dfrac{100}{\sqrt{3}}$ m

(c) $\dfrac{50}{\sqrt{3}}$ m


(d) $25\sqrt{3}$ m

13. त्रिज्या R वाले वृत्त के उस त्रिज्यखण्ड का क्षेत्रफल जिसका कोण $\alpha$ (डिग्री में) है, है :

(a) $\frac{\alpha}{180} \times 2\pi R$ (b) $\frac{\alpha}{360} \times 2\pi R$

(c) $\frac{\alpha}{180} \times \pi R^2$ (d) $\frac{\alpha}{360} \times \pi R^2$

14. केंद्र O वाले एक वृत्त पर बिंदु P से दो स्पर्श-रेखाएँ PQ और PR खींची गई हैं । वृत्त के दीर्घ चाप QR पर एक बिंदु T है । यदि $\angle QPR = 50°$ है, तो $\angle QTR$ बराबर है :




(a) 50° (b) 130°

(c) 65° (d) 90°

15. रैखिक समीकरणों $x + 2y - 5 = 0$ और $2x - 4y + 6 = 0$ का युग्म :

(a) असंगत है

(b) अनेक हलों सहित संगत है

(c) अद्वितीय हल सहित संगत है

(d) दो हल सहित संगत है

16. निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या किसी घटना की प्रायिकता ***नहीं*** हो सकती ?

(a) $0 \cdot 5$ (b) 5%

(c) $\frac{1}{0 \cdot 5}$ (d) $\frac{0 \cdot 5}{14}$

**13.** The area of a sector of angle $\alpha$ (in degrees) of a circle with radius R is :


(a) $\frac{\alpha}{180} \times 2\pi R$

(b) $\frac{\alpha}{360} \times 2\pi R$

(c) $\frac{\alpha}{180} \times \pi R^2$

(d) $\frac{\alpha}{360} \times \pi R^2$

**14.** From a point P, two tangents PQ and PR are drawn to a circle with centre at O. T is a point on the major arc QR of the circle. If $\angle QPR = 50°$, then $\angle QTR$ equals :




(a) 50°

(b) 130°

(c) 65°

(d) 90°

**15.** The pair of linear equations $x + 2y - 5 = 0$ and $2x - 4y + 6 = 0$ :

(a) is inconsistent

(b) is consistent with many solutions

(c) is consistent with a unique solution

(d) is consistent with two solutions

**16.** Which of the following numbers ***cannot*** be the probability of an event ?


(a) 0·5

(b) 5%

(c) $\frac{1}{0·5}$

(d) $\frac{0·5}{14}$


17. आकृति में, बहुपद p(x) का ग्राफ दिया गया है । p(x) के शून्यकों की संख्या है :




(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 5


18. एक ठोस में 'r' त्रिज्या वाला एक शंकु उसी त्रिज्या वाले एक अर्धगोले पर अध्यारोपित है । यदि शंकु की ऊँचाई उसके आधार के व्यास के समान हो, तो ठोस का आयतन होगा :




(a) $\pi r^3$ (b) $\frac{4}{3}\pi r^3$

(c) $3\pi r^3$ (d) $\frac{2}{3}\pi r^3$


**17.** Graph of a polynomial p(x) is given in the figure. The number of zeroes of p(x) is :




(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 5

**18.** A solid is of the form of a cone of radius 'r' surmounted on a hemisphere of the same radius. If the height of the cone is the same as the diameter of its base, then the volume of the solid is :




(a) $\pi r^3$ (b) $\frac{4}{3}\pi r^3$

(c) $3\pi r^3$ (d) $\frac{2}{3}\pi r^3$

*प्रश्न संख्या **19** और **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न का 1 अंक है । दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए कोडों (a), (b), (c) और (d) में से चुनकर दीजिए ।*

(a) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु तर्क (R) सही है ।

**19.** *अभिकथन (A) :* एक पासे को एक बार फेंकने पर, अभाज्य संख्या प्राप्त होने की प्रायिकता $\frac{2}{3}$ होती है ।

*तर्क (R) :* एक पासे के फलकों पर अभाज्य संख्याएँ 2, 3, 5 होती हैं ।

**20.** *अभिकथन (A) :* बहुपद $x^2 + 4x$ के दो वास्तविक शून्यक हैं ।

*तर्क (R) :* बहुपद $x^2 + ax\ (a \neq 0)$ के शून्यक 0 और a हैं ।

## खण्ड ख

*इस खण्ड में अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 2 अंक हैं ।*

**21.** यदि (– 3) बहुपद $(k-1)x^2 + kx + 1$ का एक शून्यक है, तो k का मान ज्ञात कीजिए ।

*Questions number **19** and **20** are Assertion and Reason based questions carrying 1 mark each. Two statements are given, one labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R). Select the correct answer to these questions from the codes (a), (b), (c) and (d) as given below.*

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**19.** *Assertion (A) :* The probability of getting a prime number, when a die is thrown once, is $\frac{2}{3}$.

*Reason (R):* On the faces of a die, prime numbers are 2, 3, 5.

**20.** *Assertion (A) :* Polynomial $x^2 + 4x$ has two real zeroes.

*Reason (R) :* Zeroes of the polynomial $x^2 + ax$ $(a \neq 0)$ are 0 and a.


## SECTION B

*This section comprises very short answer (VSA) type questions of 2 marks each.*

**21.** If $(-3)$ is one of the zeroes of the polynomial $(k - 1)x^2 + kx + 1$, find the value of k.

**22.** संख्या 1 से 90 लिखीं, 90 डिस्क (discs) एक बॉक्स में रखी हैं । यदि बॉक्स में से एक डिस्क यादृच्छया निकाली जाती है, तो प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि इस डिस्क पर जो संख्या लिखी है, वह 15 का गुणज है ।

**23.** दी गई आकृति में, DE ∥ AC और $\frac{BE}{EC} = \frac{BC}{CP}$ । सिद्ध कीजिए कि DC ∥ AP.




**24.** (क) अभाज्य गुणनखण्डन विधि का प्रयोग करके, संख्याओं 540 और 630 का HCF ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(ख) दर्शाइए कि किसी भी प्राकृत संख्या 'n' के लिए, $(15)^n$ अंक 0 पर समाप्त नहीं हो सकता है ।


**25.** (क) 'x' का/के मान ज्ञात कीजिए जबकि PQ = QR है, जहाँ बिंदुओं P, Q और R के निर्देशांक क्रमश: (6, –1), (1, 3) और (x, 8) हैं ।

**अथवा**

(ख) एक त्रिभुज के शीर्ष (–2, 0), (2, 3) और (1, – 3) हैं । क्या यह त्रिभुज समबाहु, समद्विबाहु या विषमबाहु है ?

22. A box contains 90 discs, numbered from 1 to 90. If one disc is drawn at random, then find the probability that it bears a multiple of 15.

23. In the given figure, DE ∥ AC and $\frac{BE}{EC} = \frac{BC}{CP}$. Prove that DC ∥ AP.




24. (a) Find the HCF of the numbers 540 and 630, using prime factorization method.

**OR**

(b) Show that $(15)^n$ cannot end with the digit 0 for any natural number 'n'.

25. (a) Find the value(s) of 'x' so that PQ = QR, where the coordinates of P, Q and R are (6, –1), (1, 3) and (x, 8) respectively.

**OR**

(b) The vertices of a triangle are (–2, 0), (2, 3) and (1, –3). Is the triangle equilateral, isosceles or scalene ?

## खण्ड ग

*इस खण्ड में लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 3 अंक हैं ।*

**26.** दर्शाइए कि बिन्दु $A(-3, 2)$, $B(-5, -5)$, $C(2, -3)$ तथा $D(4, 4)$ एक समचतुर्भुज ABCD के शीर्ष हैं । क्या यह समचतुर्भुज एक वर्ग भी है ?

**27.** बहुपद $p(x) = 2x^2 - 7x - 15$ के शून्यक ज्ञात कीजिए और इसके गुणांकों तथा शून्यकों के बीच के संबंध की सत्यता की जाँच कीजिए ।

**28.** (क) सिद्ध कीजिए :

$$\frac{1 - \cos\theta}{1 + \cos\theta} = (\text{cosec}\,\theta - \cot\theta)^2$$

**अथवा**

(ख) सिद्ध कीजिए :

$$\left(1 + \frac{1}{\tan^2 A}\right)\left(1 + \frac{1}{\cot^2 A}\right) = \frac{1}{\sin^2 A - \sin^4 A}$$

## SECTION C

*This section comprises short answer (SA) type questions of 3 marks each.*

**26.** Show that the points A(−3, 2), B(−5, −5), C(2, −3) and D(4, 4) are vertices of a rhombus ABCD. Is it also a square ?

**27.** Find the zeroes of the polynomial $p(x) = 2x^2 - 7x - 15$ and verify the relationship between its coefficients and zeroes.

**28.** (a) Prove that :


$$\frac{1-\cos\theta}{1+\cos\theta} = (\text{cosec}\,\theta - \cot\theta)^2$$

**OR**

(b) Prove that :

$$\left(1+\frac{1}{\tan^2 A}\right)\left(1+\frac{1}{\cot^2 A}\right) = \frac{1}{\sin^2 A - \sin^4 A}$$


**29.** (क) एक वृत्त के परिगत एक चतुर्भुज ABCD आकृति में दिखाए अनुसार खींचा गया है । सिद्ध कीजिए कि AB + CD = AD + BC.




**अथवा**


(ख) सिद्ध कीजिए कि किसी वृत्त के परिगत समांतर चतुर्भुज, एक समचतुर्भुज होता है ।

**30.** दी गई आकृति में, छायांकित भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जहाँ केंद्र O वाले दो संकेंद्रीय वृत्तों की त्रिज्याएँ क्रमशः 2 cm और 5 cm हैं ।




**31.** सिद्ध कीजिए कि $10 + 2\sqrt{3}$ एक अपरिमेय संख्या है, दिया गया है कि $\sqrt{3}$ एक अपरिमेय संख्या है ।


**29.** (a) A quadrilateral ABCD is drawn to circumscribe a circle, as shown in the figure. Prove that AB + CD = AD + BC.




**OR**

(b) Prove that the parallelogram circumscribing a circle is a rhombus.

**30.** In the given figure, two concentric circles with centre O are shown. Radii of the circles are 2 cm and 5 cm respectively. Find the area of the shaded region.




**31.** Prove that $10 + 2\sqrt{3}$ is an irrational number, given that $\sqrt{3}$ is an irrational number.

## खण्ड घ

*इस खण्ड में दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 5 अंक हैं ।*

**32.** नीचे दी गई सारणी में एक कक्षा के 100 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्तांक लिखे गए हैं । इन आँकड़ों का माध्य तथा माध्यक ज्ञात कीजिए :

| प्राप्तांक | 0 – 5 | 5 – 10 | 10 – 15 | 15 – 20 | 20 – 25 | 25 – 30 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 4 | 11 | 13 | 15 | 31 | 26 |

**33.** (क) किसी एक A.P. के प्रथम 8 पदों का योगफल 100 तथा प्रथम 19 पदों का योगफल 551 है । इस A.P. के प्रथम 'n' पदों का योगफल ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(ख) यदि किसी A.P. के प्रथम p पदों का योगफल और प्रथम q $(p \neq q)$ पदों का योगफल, बराबर हैं, तो दर्शाइए कि इस A.P. के प्रथम $(p + q)$ पदों का योगफल शून्य है ।

**34.** (क) 60 m ऊँचे भवन के शिखर से देखने पर एक टावर के शिखर और तल के अवनमन कोण क्रमशः $30^\circ$ तथा $60^\circ$ हैं । टावर की ऊँचाई ज्ञात कीजिए । टावर और भवन के बीच की दूरी भी ज्ञात कीजिए । ($\sqrt{3} = 1{\cdot}732$ का प्रयोग कीजिए)

**अथवा**

(ख) भूमि के एक बिंदु A से, एक भवन के शिखर का उन्नयन कोण $30^\circ$ है । भवन के आधार की ओर 30 m चलकर बिन्दु B तक पहुँचने पर उन्नयन कोण $45^\circ$ हो जाता है । भवन की ऊँचाई ज्ञात कीजिए और बिंदु A से भवन के आधार की दूरी भी ज्ञात कीजिए । ($\sqrt{3} = 1{\cdot}732$ का प्रयोग कीजिए)

**35.** यदि किसी त्रिभुज की एक भुजा के समांतर अन्य दो भुजाओं को भिन्न-भिन्न बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद करने के लिए एक रेखा खींची जाए, तो सिद्ध कीजिए कि अन्य दो भुजाएँ एक ही अनुपात में विभाजित हो जाती हैं ।

## SECTION D

*This section comprises long answer (LA) type questions of 5 marks each.*

**32.** Find the mean and the median of the marks of 100 students of a class, given in the following table :

| Marks | 0 – 5 | 5 – 10 | 10 – 15 | 15 – 20 | 20 – 25 | 25 – 30 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Number of students | 4 | 11 | 13 | 15 | 31 | 26 |

**33.** (a) The sum of the first 8 terms of an A.P. is 100 and the sum of its first 19 terms is 551. Find the sum of its first 'n' terms.

**OR**

(b) If the sum of the first p terms of an A.P. is the same as the sum of its first q terms, $(p \neq q)$, then show that the sum of its first $(p + q)$ terms is zero.

**34.** (a) From the top of a building 60 m high, the angles of depression of the top and bottom of a tower are observed to be 30° and 60° respectively. Find the height of the tower. Also, find the distance between the building and the tower. (Use $\sqrt{3} = 1{\cdot}732$)

**OR**

(b) The angle of elevation of the top of a building from a point A on the ground is 30°. On moving a distance of 30 m towards its base to the point B, the angle of elevation changes to 45°. Find the height of the building and the distance of its base from point A. (Use $\sqrt{3} = 1{\cdot}732$)


**35.** If a line is drawn parallel to one side of a triangle to intersect the other two sides in distinct points, then prove that the other two sides are divided in the same ratio.

## खण्ड ङ

*इस खण्ड में 3 प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के 4 अंक हैं ।*

### प्रकरण अध्ययन – 1

**36.** वृत्त हमारे जीवन में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । जब एक वृत्ताकार वस्तु को कील N पर एक डोरी के साथ दीवार पर लटकाया जाता है, तो डोरियाँ NA और NB स्पर्श-रेखाओं की तरह काम करती हैं । आकृति का अवलोकन कीजिए, जबकि दिया हुआ है कि $\angle ANO = 30°$ और OA = 5 cm है ।




उपर्युक्त के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) AN की लम्बाई ज्ञात कीजिए । *1*

(ii) $\angle AOB$ का माप ज्ञात कीजिए । *1*

(iii) (क) डोरियों NA, NB और जीवा AB की कुल लम्बाई ज्ञात कीजिए । *2*

**अथवा**


(iii) (ख) यदि $\angle ANO = 45°$ है, तो चतुर्भुज OANB के प्रकार का नाम लिखिए । अपने उत्तर का औचित्य साबित कीजिए । *2*

## SECTION E

*This section comprises 3 case study based questions of 4 marks each.*

### Case Study – 1

**36.** Circles play an important part in our life. When a circular object is hung on the wall with a cord at nail N, the cords NA and NB work like tangents. Observe the figure, given that $\angle$ ANO = 30° and OA = 5 cm.




Based on the above, answer the following questions :

(i) Find the distance AN. *1*

(ii) Find the measure of $\angle$ AOB. *1*

(iii) (a) Find the total length of cords NA, NB and the chord AB. *2*

**OR**

(iii) (b) If $\angle$ ANO is 45°, then name the type of quadrilateral OANB. Justify your answer. *2*

## प्रकरण अध्ययन – 2

**37.** चित्र में एक लकड़ी का खिलौना दिखाया गया है । 14 cm × 17 cm × 4 cm विमाओं का एक घनाभाकार लकड़ी का गुटका है । इसके ऊपरी तल पर मधुमक्खियों के फिट होने के लिए सात बेलनाकार खोखले हैं । प्रत्येक बेलनाकार खोखले की ऊँचाई 3 cm और त्रिज्या 2 cm है ।



उपर्युक्त के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) एक बेलनाकार खोखला बनाने के लिए खोदी गई लकड़ी का आयतन ज्ञात कीजिए । *1*

(ii) घनाभाकार गुटके को हरे रंग में रंगने के लिए पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । *1*

(iii) (क) सात बेलनाकार खोखले खोदने के पश्चात्, घनाभाकार गुटके में बची हुई लकड़ी का आयतन ज्ञात कीजिए । *2*

**अथवा**

(iii) (ख) घनाभाकार गुटके के ऊपरी सतह पर पीला रंग करवाने के लिए इसका पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । *2*

## Case Study – 2

**37.** A wooden toy is shown in the picture. This is a cuboidal wooden block of dimensions 14 cm × 17 cm × 4 cm. On its top there are seven cylindrical hollows for bees to fit in. Each cylindrical hollow is of height 3 cm and radius 2 cm.



Based on the above, answer the following questions :

(i) Find the volume of wood carved out to make one cylindrical hollow. *1*

(ii) Find the lateral surface area of the cuboid to paint it with green colour. *1*


(iii) (a) Find the volume of wood in the remaining cuboid after carving out seven cylindrical hollows. *2*

**OR**

(iii) (b) Find the surface area of the top surface of the cuboid to be painted yellow. *2*

### प्रकरण अध्ययन – 3

**38.** बगीचे में लगे हुए फूलों की क्यारियाँ बहुत सुंदर लगती हैं । ऐसे ही एक वृत्ताकार पार्क में जिसकी त्रिज्या 'r' m है, दो वृत्त-खण्डों में फूल लगे हुए हैं । एक वृत्त-खण्ड जो केंद्र पर $90^\circ$ का कोण अंतरित करता है, में लाल गुलाब के फूल लगे हुए हैं, जबकि दूसरे वृत्त-खण्ड, जो केंद्र पर $60^\circ$ का कोण अंतरित करता है, में पीले रंग के फूल लगे हैं । [चित्र देखिए]




यह दिया गया है कि फूलों वाले भाग (दोनों वृत्त-खण्डों) का कुल क्षेत्रफल $256\frac{2}{3}$ वर्ग मी. है ।

उपर्युक्त के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) दोनों वृत्त-खण्डों के क्षेत्रफलों के योगफल को दर्शाता हुआ 'r' के पदों में समीकरण लिखिए । *1*

(ii) 'r' का मान ज्ञात कीजिए । *1*

(iii) (क) लाल गुलाबों वाले वृत्त-खण्ड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । *2*


**अथवा**

(iii) (ख) पीले फूलों वाले वृत्त-खण्ड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । *2*



## Case Study – 3

**38.** Flower beds look beautiful growing in gardens. One such circular park of radius 'r' m, has two segments with flowers. One segment which subtends an angle of 90° at the centre is full of red roses, while the other segment with central angle 60° is full of yellow coloured flowers. [See figure]




It is given that the combined area of the two segments (of flowers) is $256\frac{2}{3}$ sq m.

Based on the above, answer the following questions :

(i) Write an equation representing the total area of the two segments in terms of 'r'. *1*

(ii) Find the value of 'r'. *1*

(iii) (a) Find the area of the segment with red roses. *2*

**OR**

(iii) (b) Find the area of the segment with yellow flowers. *2*

